कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
(राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बलरामपुर)
जिला बलरामपुर–रा0गंज (छ0ग0)

dpm.balrampur@gmail.com

क्रमांक/रा़स्वामि/2018/327 बलरामपुर दिनांक 24/05/2018

प्रति,

जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी
जिला बलरामपुर रा0गंज (छ0ग0)

विषय – राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत विभिन्न संविदा पद की भर्ती हेतु विज्ञापन अपलोड करने के संबंध में।

---000---

विषयांतर्गत लेख है कि कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) अन्तर्गत विभिन्न रिक्त पदों की भर्ती हेतु विज्ञापन संलग्न कर जिला बलरामपुर की वेबसाईट पर प्रकाशित किये जाने हेतु प्रेषित है।

अतः विज्ञापन वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला बलरामपुर रा0गंज (छ0ग0)

क्रमांक/रास्वामि/2018/328 बलरामपुर दिनांक 24/05/2018

प्रतिलिपि –

01. मिशन संचालक, रा0स्वा0मिशन नया रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
02. जिला कलेक्टर बलरामपुर, जिला बलरामपुर रा0गंज छ0ग0 की ओर सादर सूचनार्थ।
03. कार्यालयीन प्रति।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला बलरामपुर रा0गंज (छ0ग0)

Scanned by CamScanner

क्र/ 327 /रास्वामि/एचआर/2018 बलरामपुर, दिनांक: 24/05/2018

संविदा पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन रायपुर छत्तीसगढ़ के पत्र क्र./एनएचएम/2018/115–1066/238 रायपुर दिनांक 25/04/2018 के माध्यम से पुनः जिला स्तर से भती प्रक्रिया पूर्ण किए जाने हेतु आदेशित किया गया है अतः इस पत्र के परिपालन मे जिला बलरामपुर के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के रिक्त पदों जैसे–**डेंटल सर्जन, चिकित्सा अधिकारी (आर.बी.एस.के.), नर्सिंग ऑफिसर, फार्मासिस्ट (आर.बी.एस.के.), लैब टेक्निशियन (आर.बी.एस.के.), लैब टेक्निशियन (आर.एन.टी. सी.पी.), ए.एन.एम. (आर.बी.एस.के.), ए.एन.एम.**, के संविदा रिक्त पदों की भर्ती किए जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसकी भर्ती वॉक–इन के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है।

जिला बलरामपुर के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के वित्तीय वर्ष 2017–18 अंतर्गत रिक्त पदों की संविदा नियुक्ति हेतु नीचे दिए गए प्रपत्रानुसार अपना नाम, आयु, पत्र व्यवहार का पता, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव दर्शाते हुए (योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र) समस्त फोटो प्रतिलिपियॉ, निर्धारित प्रारुप वाले आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें, (आवेदन का प्रारुप वॉक–इन के दिन पंजीयन स्थान पर दिया जाएगा) एवं दो पासपोर्ट साईज के फोटो सहित वॉक–इन हेतु लिखे तालिका क्रमांक–1 अनुसार समय सुबह 9.00 बजे से 11.00 बजे के मध्य कार्यालय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बलरामपुर में पंजीयन हेतु उपस्थित होवें। प्रातः 11.00 बजे के बाद कोई भी पंजीयन एवं अपूर्ण फार्म स्वीकृत नहीं किए जाएगे। यदि आवेदक वर्तमान में किसी शासकीय संस्थान में कार्यरत है तो नियोजक का अनापत्ति प्रमाण पत्र अवश्य प्रस्तुत करें। आवेदन पत्र के ऊपर आवेदित पद का नाम एवं वर्ग अवश्य लिखें। अपूर्ण एवं समय सीमा के बाद (प्रातः 11.00 बजे) प्राप्त आवेदन पत्र को स्वीकार नहीं किया जावेगा। चयन हेतु आवश्यकतानुसार लिखित/मौखिक/कौशल परीक्षा आयोजित की जा सकती है। किसी भी स्तर से व्यक्तिगत संपर्क अथवा दबाव डलवाने पर आवेदक को अपात्र घोषित किया जावेगा। उक्त विज्ञापन की समस्त जानकारी जिला बलरामपुर के वेब साईट www.balrampur.gov.in एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बलरामपुर जिला बलरामपुर–रा0गंज शाखा के सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है।

Scanned by CamScanner

तालिका क्रमांक 1 समय सारणी वॉक–इन दिनांक पदों के अनुसार अलग–अलग तिथियों में निर्धारित किया गया है जो निम्नानुसार है :–

क्र.	पद का नाम	वॉक–इन तिथि	पंजीयन स्थान	साक्षात्कार / परीक्षा स्थान
1	डेंटल सर्जन	07 / 06 / 2018	मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बलरामपुर के **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला बलरामपुर–रा0गंज**	कार्यालय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला बलरामपुर–रा0गंज (छ.ग.)
2	चिकित्सा अधिकारी (आर.बी.एस.के.)			
3	नर्सिंग ऑफिसर			
4	फार्मासिस्ट (आर.बी.एस.के.)	11 / 06 / 2018		
5	लैब टेक्निशियन (आर.एन.टी.सी.पी.)			
6	लैब टेक्निशियन (आर.बी.एस.के.)			
7	ए.एन.एम. (आर.बी.एस.के.)	13 / 06 / 2018		
8	ए.एन.एम.			

1. **रिक्त पदों की जानकारी :–**

क्र	पदनाम	पदों की स्थिति	कुल रिक्त पद	अनु0जनजाति				अनु0 जाति				अ0 पि0 वर्ग				अनारक्षित			
				मुक्त	महिला	दिव्यांग	भू0पै	मुक्त	महिला	दिव्यांग	भू0पै	मुक्त	महिला	दिव्यांग	भू0पै	मुक्त	महिला	दिव्यांग	भू0पै
1	डेंटल सर्जन	रिक्त	2	...	1	...	...	...	...	...	...	1	...	...	...	...	...	...	...
2	चिकित्सा अधिकारी (आर.बी.एस.के.)	रिक्त	2	1	1	...	...	...	...	...	...	...	...	...	...	...	...	...	...
3	नर्सिंग ऑफिसर	रिक्त	1	...	...	...	1	...	...	...	...	...	...	...	...	...	...	...	...
4	फार्मासिस्ट (आर.बी.एस.के.)	रिक्त	1	...	...	...	1	...	...	...	...	...	...	...	...	...	...	...	...
5	लैब टेक्निशियन (आर.एन.टी.सी.पी.)	रिक्त	1	...	...	...	...	...	...	...	...	1	...	...	...	...	...	...	...
6	लैब टेक्निशियन (आर.बी.एस.के.)	रिक्त	3	1	...	...	1	...	...	...	...	...	...	...	...	...	1	...	...
7	ए.एन.एम. (आर.बी.एस.के.)	रिक्त	4	1	...	...	1	1	...	...	...	...	...	...	...	1	...	...	...
8	ए.एन.एम.	रिक्त	30	...	6	6	9	...	2	...	1	...	...	1	2	...	...	2	1

Scanned by CamScanner

2. वेतनमान एवं शैक्षणिक योग्यता की जानकारी

पद कोड	पदनाम	वेतनमान	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता
1	Dental Surgeon	27500/– (एकमुश्त)	• MDS with registration in Chhattisgarh Medical Council is compulsory. OR • BDS with registration in Chhattisgarh Medical Council is compulsory.
2	Medical Officer (RBSK)	25000/– (एकमुश्त)	• BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration from an GOI Recognized (BHMS/BAMS/BUMS) Ayush, Homeo, Unit Registration Board.
3	Nursing Officer	16500/– (एकमुश्त)	• B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council.
4	Pharmacist (RBSK)	16500/– (एकमुश्त)	• Degree or Diploma in Pharmacy (Minimum 50%) and Registration in Pharmacy Registration Council.
5	Lab Technician (RNTCP)	14000/– (एकमुश्त	• BMLT Course with Registration in CG Paramedical Council OR DMLT Course with Registration in CG Paramedical Council
6	Lab Technician (RBSK)	10000/– (एकमुश्त)	• BMLT Course with Registration in CG Paramedical Council OR DMLT Course with Registration in CG Paramedical Council
7	ANM (RBSK)	12000/– (एकमुश्त)	• 12th passed, ANM Passed & INC Affiliated Training Center & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Course
8	ANM	12000/– (एकमुश्त)	• 12th passed, ANM Passed & INC Affiliated Training Center & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Course

<u>आवेदन पत्र के संबंध में:–</u>

1. अभ्यार्थी शैक्षणिक योग्यता का मूल दस्तावेज वॉक–इन दिनांक को अनिवार्य रुप से साथ लावें।
2. आवश्यकतानुसार लिखित/मौखिक/कौशल परीक्षा ली जावेगी। जिसमें शामिल होने के लिये अभ्यर्थियों को कोई व्यय का भुगतान नहीं किया जावेगा।
3. 16500/– रुपये या 16500/– से अधिक मानदेय के पदों हेतु आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए। छत्तीसगढ़ का मूल निवासी उपलब्ध न होने की स्थिति में ही अन्य राज्य के निवासियों को अवसर दिया जावेगा। 16500/– से कम एकीकृत मानदेय से कम वाले पदों हेतु जिला के उत्तीर्ण पात्र अभ्यार्थी न होने की स्थिति में ही संभाग स्तर पर एवं संभाग स्तर पर

Scanned by CamScanner

अभ्यार्थी नहीं होने की स्थिति में संभाग से बाहर के परंतु छत्तीसगढ़ के अभ्यार्थियों का ही चयन किया जावेगा।

आयु सीमा :–

4. आवेदकों की आयु 1 जनवरी 2018 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए, परंतु चिकित्सा अधिकारी (एमबीबीएस) के आवेदकों के लिए अधिकतम आयु सीमा 70 वर्ष तक मान्य होगा। आयु की गणना दिनांक 1 जनवरी 2018 से की जावेगी। इस आयु सीमा में सभी प्रकार की छूट सम्मिलित हैं।
5. संविदा भर्ती के संदर्भ में आरक्षण व अन्य शर्ते **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ0ग0 द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2014** के सभी नियम व शर्तो के अनुसार लागू होगें। (कंडिका क्रमांक 6.12 को छोड़कर, जिसके लिए किसी भी सूचना हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दिया गया समय–सीमा सर्व मान्य होगा।)

चयन प्रक्रिया:–

6. प्राप्त आवेदनों में से रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा/चयन/साक्षात्कार तथा दस्तावेज सत्यापन हेतु आहूत किया जावेगा। शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के योग से बने मेरिट सूची के आधार पर अभ्यर्थीयों को तालिका अनुसार कौशल/लिखित/मौखिक परीक्षा आहूत किया जावेगा।

क्र.	कुल विज्ञापित पदों की संख्या	स्क्रीनिंग/कौशल परीक्षा लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या
1	1 से 10	कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना
2	11 से 50	कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना

7. संलग्न करने हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची– (स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ इसी क्रम में संलग्न करें।)
    - 10वीं की अंकसूची
    - 12वीं की अंकसूची
    - स्नातक एवं स्नातकोत्तर (संबंधित पदों हेतु) परीक्षा के समस्त वर्षो की अंकसूची
    - संबंधित डिग्री।
    - संबंधित कौंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र
    - सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र
    - जाति सत्यापन प्रमाण पत्र
    - मूल निवास प्रमाण पत्र
    - निःशक्तता प्रमाण पत्र
    - अनुभव/नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र
    - जीवित रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र
    - आवश्यक अन्य प्रमाण पत्र (जो लागू हो)
8. अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय संस्थान का ही मान्य होगा। अनुभव प्रमाण पत्र में अनुभव की अवधि का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने तथा कार्यालयीन जावक क्रमांक नहीं होने पर अनुभव

Scanned by CamScanner

प्रमाण पत्र अमान्य किया जावेगा। अनुभव प्रमाण पत्र आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के पूर्व का ही मान्य होगा।

<u>अंतिम चयन सूची निम्नांकित आधार पर बनाई जावेगी।</u>

- शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांकों के प्रतिशत का – 70 प्रतिशत अंक।
- कौशल/मौखिक/लिखित परीक्षा – 20 अंक । पद के अनुरुप लिखित/साक्षात्कार/कंम्प्यूटर बेस्ड आदि के स्वरुप में कौशल परीक्षा ली जावेगी। (कौशल परीक्षा अंतर्गत 33 प्रतिशत अंक उत्तीर्ण हेतु अनिवार्य होगा।)
- अनुभव – 10 अंक अधिकतम (प्रत्येक वर्ष हेतु 2 अंक)
- **अंतिम प्रवीण्य सूची अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता (12वीं/स्नातक/स्नात्कोत्तर) के सभी वर्षों के प्राप्तांकों का 70 प्रतिशत अंक तथा अनुभव के अंक तथा कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जावेगी। परंतु कौशल परीक्षा हेतु प्रवीण्य सूची अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में दर्शित प्राथमिकता क्रम के अनुसार ही रहेगी।**

<u>भर्ती के संबंध में नियम व शर्तेः–</u>

9. **आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप (संलग्न प्रारूप) में ही भरकर जमा करें। निर्धारित प्रारूप में आवेदन नहीं करने पर अथवा अपूर्ण भरे हुए आवेदन निरस्त किये जावेंगे। जिसकी जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी। साथ ही ऐसे अभ्यर्थी को दावा–आपत्ति हेतु भी अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा। निर्धारित समय–सीमा के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेगें।**
10. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी। इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
11. **संविदा मानदेयः–** संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त मानदेय व अन्य राशि प्रावधानित आर.ओ.पी. अनुसार देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।
12. संविदा अवधि 31 मार्च 2019 तक के लिये होगी। कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उक्त अवधि की वृद्धि की जा सकती है। नियमित भर्ती किये जाने पर संविदा पद स्वतः निरस्त मान्य होगा।
13. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात किसी भी समय नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देना होगा अन्यथा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा किया जाएगा।
14. विशेष आरक्षण अहर्ता रखने वाले (दिव्यांग/भूतपूर्व सैनिक/महिला आरक्षण नियमानुसार होगी) अभ्यार्थीयों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी उससे संबंधित दस्तावेज आवेदन के साथ ही संलग्न किये जाने होंगें। अन्यथा ऐसे अभ्यार्थीयों का आवेदन पत्र में प्रमाण पत्र संलग्न न होने की स्थिति में सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जावेगा।
15. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग श्रेणी के अभ्यार्थीयों को सक्षम अधिकारी से जाति प्रमाण पत्र एवं उच्च स्तरीय छान–बीन समिति से सत्यपन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

Scanned by CamScanner

नोटः– 1. स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक पात्र होंगे किन्तु उन्हें एक माह के भीतर जाति सत्यापन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा) इस विषय पर छत्तीसगढ शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशानुसार कार्यवाही की जावेगी।)

2. भूतपूर्व सैनिक एवं दिव्यांग के रिक्त पदों हेतु नगर सेना/समाज कल्याण विभाग से अनुमति उपरांत उसी वर्ग के मुक्त पदों से रिक्त पदों की भर्ती की जा सकती है।

16. संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जावेगी।

17. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का Performance Appraisal नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।

18. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेंगें।

19. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।

20. उक्त पद के लिये प्रवर्गवार प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी जिसकी वैधता जारी दिनांक से एक वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती प्रक्रिया संपन्न होने तक वैद्य रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नए पद/त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी इसी प्रतिक्षा सूची से भरा जा सकेगा।

21. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि, किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

22. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्य पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति को होगा जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

23. आवेदन के साथ नवीनतम चस्पा फोटो, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण पत्रों को स्वयं स्वप्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन के साथ नवीनतम फोटो, वाछिंत योग्यता प्रमाण पत्र, जाति निवास एवं अन्य प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किये जाने की स्थिति में आवेदन निरस्त किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

Scanned by CamScanner

आवेदन शुल्क :–

24. आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा प्रस्तुत डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम् से **आर0सी0एच0 फ्लैक्सीपूल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बलरामपुर** (RCH Flaxipool, National Health Mission Balrampur) के नाम से देय होगा। आवेदन पत्र के साथ डी.डी. संलग्न करना अनिवार्य होगा, डी.डी. के अभाव में आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। आवेदन के साथ संलग्न डी.डी. किसी भी शर्त/स्थिति में वापस नहीं किया जावेगा। शुल्क का विवरण वर्गवार निम्नानुसार है –

वर्ग	मानदेय प्रतिमाह 25000 अथवा 25000 से कम	मानदेय प्रतिमाह 25000 अथवा 25000 से ज्यादा
विकलॉग/अजा/भूपूसै/अजजा/महिला	200	350
अन्य समस्त	400	650

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
बलरामपुर जिला–बलरामपुर रा0गंज (छ0ग0)

Scanned by CamScanner